संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

26 फरवरी 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 149

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## अविमुक्तेश्वरानंद की मांग, मामले की स्पष्टता से जांच की जाए

**वाराणसी ।** प्रयागराज में बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में फंसे अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, और अब उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का रुख किया है। वहीं अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने ऊपर लगे आरोपों और मामले की स्पष्टता से जांच की मांग की है।

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

का वीर भूमि झारखण्ड में
अभिनंदन और
जोहार

दिनांक: 26 फरवरी, 2026



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR 373628 (IPRD) 25-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

26 फरवरी 2026, गुरुवार

मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 149

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस


## पूर्व पत्नी शिखर धवन को लौटाए 5.7 करोड़ रुपए : दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन की पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी को 5.7 करोड़ रुपए लौटाने होंगे। धवन ने यह पैसा आयशा को तलाक के बाद सेटलमेंट के रूप में दिया था, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट का मानना है कि धवन की ओर से प्रॉपर्टी सेटलमेंट के रूप में दी गई यह रकम भारतीय कानून के हिसाब से सही नहीं है। लिहाजा ऑस्ट्रेलिया की फैमिली कोर्ट का फैसला भारत पर लागू नहीं होगा।

# नगर निकाय, परिवहन और पीडब्लूडी टेंडर पर तीखी बहस, टेंडर रद्द नही होने पर सदन में हंगामा

## 30 दिनों में टेंडर निष्पादित नहीं हुए तो होंगे रद्द : दीपिका पांडेय सिंह





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को सदन की कार्यवाही अल्पसूचित प्रश्नों के साथ शुरू हुई। प्रश्नकाल में विधायकों ने नगर निकायों में सेवा नियमावली, परिवहन विभाग में रिक्त पदों और पीडब्ल्यूडी की निविदाओं में हो रही देरी जैसे मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। सदन में सबसे ज्यादा बहस लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) की निविदाओं में हो रही देरी को लेकर हुई। लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू और मथुरा महतो ने आरोप लगाया कि नियम के अनुसार 180 दिनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए, लेकिन कई मामलों में एक-एक साल तक फाइलें लंबित रहती हैं। विधायकों ने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री के निर्देश के बावजूद कुछ निविदाएं रद्द नहीं की गईं। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्वीकार किया कि प्रक्रिया में देरी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 2024-25 की सभी लंबित निविदाओं को निष्पादित करने का निर्देश दे दिया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि 30 दिनों के भीतर निविदा प्रक्रिया पूरी नहीं हुई या रद्द नहीं की गई, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**नगर पालिका कर्मियों की सेवा नियमावली पर सवाल**

विधायक अरूप चटर्जी ने नगर पालिकाओं में कार्यरत 63 अधिकारियों की सेवा नियमावली को लेकर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। उन्होंने इन कर्मियों के भविष्य और सेवा शर्तों पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

इस पर संबंधित मंत्री ने कहा कि ये 63 कर्मी 'राज्य कर्मी' की श्रेणी में नहीं आते, बल्कि नगरपालिका कर्मी हैं। इसलिए उन पर नगरपालिका की सेवा नियमावली ही लागू होती है।


**परिवहन विभाग में मोटरयान निरीक्षकों की कमी का मुद्दा उठा**

सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने परिवहन विभाग में मोटरयान निरीक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या वर्ष 2023 की नियुक्तियों के बाद भी पद रिक्त हैं। विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि 2023 में 46 पदों के लिए अधिसूचना जारी की गई थी और सभी पदों पर नियुक्ति पूरी हो चुकी है। फिलहाल कोई पद खाली नहीं है। साथ ही भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए 21 नए पदों के सृजन के लिए दिसंबर में अधिसूचना भेजी जा चुकी है।

**पुल निर्माण की राशि पर अध्यक्ष का सुझाव**

सिल्ली विधायक अमित कुमार ने सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये की सीमा पर सवाल उठाया। उनका कहना था कि इस सीमा के कारण बड़े पुलों का निर्माण प्रभावित हो रहा है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने व्यवस्था देते हुए सुझाव दिया कि यदि ग्रामीण विकास विभाग के पास 10 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का प्रावधान नहीं है, तो ऐसी योजनाओं को पीडब्लूडी को स्थानांतरित कर दिया जाए, ताकि निर्माण कार्य में तकनीकी और वित्तीय बाधाएं दूर हो सकें।

## वित्त मंत्री ने लगाया केंद्र पर भेदभाव का आरोप 10 हजार करोड़ के ऑडिट की होगी जांच



**रांची ।** विधानसभा के बजट सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के बीच वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सरकार का पक्ष मजबूती से रखा। उन्होंने साफ कहा कि विकास ही सत्ता और विपक्ष दोनों का साझा लक्ष्य होना चाहिए, लेकिन केंद्र की ओर से झारखंड के साथ भेदभाव किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने उपयोगिता प्रमाण पत्र को लेकर उठ रहे सवालों पर कहा कि यदि केंद्र सरकार को कोई संदेह है तो वह अपनी टीम भेजकर जांच करा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से राज्य का हिस्सा रोका जा रहा है।

**बजट में सामाजिक क्षेत्र पर सबसे ज्यादा जोर**

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2026-27 के बजट में सामाजिक क्षेत्र के लिए 67,459 करोड़ रुपये, आर्थिक क्षेत्र के लिए 59,044 करोड़ रुपये और सामान्य क्षेत्र के लिए 3,255 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस गरीबों की मदद, बच्चों की पढ़ाई और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर है। दावा किया कि इस वर्ष 50 लाख मीट्रिक टन धान और 10 लाख मीट्रिक टन दलहन का उत्पादन हुआ है। राज्य मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुका है और दूध उत्पादन में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**डीएमएफ फंड पर सख्ती, कमेटी का गठन**

वित्त मंत्री ने 10 हजार करोड़ रुपये के ऑडिट मामलों की जांच कराने की घोषणा की। साथ ही डीएमएफ फंड में गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। घोषणाओं के पालन की निगरानी के लिए राज्य विकास आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने की भी घोषणा की गई। मुख्यमंत्री की विदेश यात्राओं को लेकर हो रहे सवालों पर मंत्री ने कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जाना जरूरी है, जिससे राज्य में उद्योग और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश होने से झारखंड में मौसम हुआ सुहाना

**रांची ।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न इलाकों में हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है इससे बढ़ती हुई गर्मी रुक गई है। मौसम विभाग से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल बारिश की कोई संभावना व्यक्ति नहीं की गयी है। यही वजह है कि बुधवार को रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम साफ रहा और धूप में तल्खी महसूस की गई। विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान राज्य भर में तापमान में 2 डिग्री के गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 32.2 डिग्री और सबसे कम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस गुमला में रिकॉर्ड किया गया।

### जल्द बांग्लादेश लौटेंगे और सड़कों पर संघर्ष भी करेंगे : शेख हसीना

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने महीनों की खामोशी के बाद एक ऐसा कदम उठाया है जिसने ढाका के सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। जुलाई 2024 के तख्तापलट और हिंसक विद्रोह के बाद भारत में शरण लेने वाली शेख हसीना ने अब अपने वतन लौटने की तैयारी का स्पष्ट संकेत दे दिया है। दिल्ली से अपनी पार्टी, आवामी लीग के नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मानसिक और शारीरिक रूप से संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा, बोरिया-बिस्तर बांध लो, अब देश लौटने और मैदान में उतरने का वक्त आ गया है।

### माइनिंग अफसर के घर से 4.27 करोड़ नकद मिले

**कटक ।** ओडिशा विजिलेंस ने बुधवार को कटक सर्किल के डिप्टी डायरेक्ट (माइंस) देबब्रत मोहंती के घर से 4.27 करोड़ रुपए नकद जब्त किए। मोहंती को लाइसेंसी कोयला व्यापारी से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोप है कि वह कोयला डिपो को बिना रुकावट चलाने और काम आसान करने के बदले रिश्वत ले रहा था। यह ट्रैप ऑपरेशन ओडिशा विजिलेंस ने रिश्वत मांगने की शिकायत मिलने के बाद किया था। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की टीमों ने मोहंती और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर छापे मारे। विभाग ने मठसाही में मोहंती के पैतृक घर और भुवनेश्वर के पाटिया इलाके वाले फ्लैट पर छापा मारा। भुवनेश्वर वाले फ्लैट से सूटकेस, ट्रॉली बैग और अलमारियों में नोटों के ढेर मिले। इसके अलावा, उसके ऑफिस से 1.20 लाख नकद भी बरामद हुए। नोटों की गिनती के लिए करेंसी कार्उंटिंग मशीनें लाई गईं।

### 162 लाख करोड़ का कर्ज है भारतीयों पर

**नई दिल्ली ।** भारतीय लोगों के बीच कर्ज लेने का चलन लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार दिसंबर तिमाही में देश के रिटेल लोन में 18 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसमें सबसे बड़ा योगदान होम लोन का रहा और इसमें 10 फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ। कुल आउटस्टैंडिंग रिटेल लोन 18.1 फीसदी बढ़कर 162 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

# सुप्रीम कोर्ट से हेमंत सोरेन को राहत ईडी की आपराधिक कार्रवाई पर लगी रोक

**संवाददाता**

**रांची ।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है।यह कार्यवाही प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत जारी समन की कथित अवहेलना के आरोप में शुरू की गई थी।मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमलया बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ के समक्ष हुई। कोर्ट ने सोरेन की



याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्होंने इस मामले को रद्द करने की मांग की थी।ईडी की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि ट्रायल लगभग पूरा हो चुका है, सात समन जारी किए गए थे लेकिन सोरेन एक बार भी पेश नहीं हुए।वहीं, हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि वे तीन बार पेश हुए थे और ईडी ने उन्हें गिरफ्तार भी किया था।मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान कहा कि

÷हमने अखबार में पढ़ा कि आप (ईडी) ने बल्क में शिकायतें दाखिल की हैं। बेहतर होगा आप उन्हीं पर ध्यान दें और अपनी ऊर्जा वहीं लगाएं, इससे कुछ रचनात्मक परिणाम मिलेंगे।न्यायमूर्ति बागची ने भी कहा कि एजेंसी को ÷प्रभावी अभियोजन÷ पर ध्यान देना चाहिए, ÷ये आतंक वाली अभियोजन हैं, उद्देश्य पूरा हो चुका है।÷गौरतलब है कि 15 जनवरी को झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी की शिकायत मामले में विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा सोरेन के खिलाफ लिए गए संज्ञान को रद्द करने से इनकार कर दिया था।ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ यह शिकायत दर्ज की थी कि उन्होंने जमीन घोटाले में कथित संलिप्तता से जुड़े समन का पालन नहीं किया था।

## दुमका : लाइटर और चिप्स लदे वाहनों में टक्कर के बाद बम की तरह फटे ट्रक, 1 की मौत, 1 गंभीर

**ब्यूरो**

**दुमका ।** रेलवे स्टेशन के समीप रिंग रोड स्थित एएन कॉलेज मोड़ पर बुधवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गैस लाइटर से लदे एक ट्रक को पीछे से चिप्स लदे टेलर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर भीषण आग लग गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लाइटर से लदा वाहन धूं-धूं कर जलने लगा और इसकी चपेट में आने से चिप्स लदा टेलर, एक खाली टेलर और एक हाइवा भी पूरी तरह जलकर खाक हो गए।

इस अग्निकांड में चिप्स लदे टेलर के उप चालक की मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। वहीं, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें आनन-फानन में टोटो के जरिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और वे फिलहाल कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं।

हादसे के बाद ट्रक में रखे गैस लाइटरों में लगातार हो रहे



विस्फोटों से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद तीन वाहनों की आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन लाइटर लदे ट्रक में लगी आग को बुझाने में दमकल कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर दुमका के एसडीओ कौशल कुमार, डीटीओ और पुलिस बल मौजूद है और राहत कार्य जारी है।

## धनबाद सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

### कोर्ट बिल्डिंग और एमपी एमएलए कोर्ट कराया गया खाली

**संवाददाता**

**धनबाद ।** धनबाद सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद 28 कोर्ट बिल्डिंग और एमपी एमएलए कोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया। बम की अफवाह फैलते ही अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और वादियों में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, कोर्ट प्रशासन को एक ईमेल आया, जिसमें कोर्ट परिसर में बम रखे और उसके विस्फोट होने की बात लिखी गई थी। इसके बाद जिला जज और पुलिस प्रशासन को मामले की जानकारी दी गई।सूचना पाकर स्थानीय पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता भी मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे इलाके को घेराबंदी



कर जांच शुरू कर दी है। कोर्ट के सभी प्रवेश और निकास द्वारों को सील कर दिया गया।पुलिस की टीम हाजत, कोर्ट रूम, रिकॉर्ड रूम और वकीलों के चैंबर सहित परिसर के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी शुरू की गई। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे कोर्ट परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है।पुलिस साइबर सेल की मदद से ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी है।

## पाकुड़ : वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से पति-पत्नी और बच्ची की मौत

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़ ।** नगरनवी रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार देर रात वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी। सिलीगुड़ी से हावड़ा तक जाने वाली वंदे भारत डाउन ट्रेन नगरनवी स्टेशन से गुजरने के दौरान उक्त तीनों लोग ट्रेन के चपेट में आ गयी और मौके पर उनकी मौत हो गयी। मृतक रेलवे ट्रैक क्रॉस करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गये थे। घटना की सूचना पर रेल जीआरपी और आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर रात 1÷00 बजे पाकुड़ जीआरपी थाने में लायी गयी। नगरनवी रेलवे स्टेशन प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन से घटना हुई है। घटना की सूचना वरीय अधिकारी और रेल पुलिस को दे दी गई। इधर जीआरपी पुलिस के अफसर रामेश्वर किस्कू ने बताया कि शव को लाया गया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है। इधर मिली जानकारी के अनुसार मृतक चंदन सरदार पत्नी शिल्पा सरदार और उनकी तीन वर्षीय बच्ची तीनों



कालीतला मोहल्ले के रहने वाले हैं। मृतक का एक 8 साल का लड़का भी है। मृतक दंपति नवीनगर अपनी बहन के घर गया था। लौटने की क्रम में यह घटना घटी। मृतक के घर और आसपास के लोग इस घटना को सुनकर मर्माहत है। घर और परिवार के आसपास के लोग पहुंचकर परिजनों को समझाने का काम कर रहे हैं।

## कल होगी 48 निकायों की मतगणना, तैयारी पूरी

**संवाददाता**

**रांची ।** राज्य की शहरी राजनीति का भविष्य 27 फरवरी को तय होगा, जब झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग 48 नगर निकायों के चुनाव में पड़े मतों की गिनती शुरू कराएगा। सुबह 8 बजे से शुरू होने वाली मतगणना के लिए पूरे राज्य में 1309 टेबल लगाए गए हैं। आयोग ने इसे पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना की शुरुआत पोस्टल बैलेट से होगी, इसके बाद ईवीएम से वोटों की गिनती की जाएगी। पार्षद (वार्ड सदस्य) पद के लिए मल्टी-राउंड काउंटिंग होगी, जबकि मेयर (अध्यक्ष) पद के लिए अपेक्षाकृत कम राउंड में परिणाम सामने आ सकते हैं। छोटे निकायों में 2-3 राउंड में तस्वीर साफ हो सकती है, लेकिन बड़े नगर निगमों में मुकाबला लंबा चलने की संभावना है। राजधानी रांची में लगभग 5 राउंड और बोकारो में 9 राउंड तक गिनती चल सकती है। ऐसे में कुछ जगहों पर परिणाम देर शाम या 28 फरवरी तक भी आ सकते हैं। आयोग ने सभी काउंटिंग सेंटरों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रतिबंध रहेगा। सीसीटीवी निगरानी, मेडिकल टीम, बिजली बैकअप और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। हर राउंड के बाद आंशिक परिणाम घोषित किए जाएंगे और अंतिम परिणाम प्रमाणन के बाद जारी होंगे। आयोग ने उम्मीदवारों को एजेंट नियुक्त करने की अनुमति दी है, लेकिन सख्त नियमों के पालन की चेतावनी भी दी है।

## चंपाई सोरेन के पोते की कुल्लू-मनाली में मौत



**संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम ।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते और बाबूलाल सोरेन के बड़े पुत्र वीर सोरेन (21) की हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही सोरेन परिवार सहित समर्थकों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वीर सोरेन अपने कुछ मित्रों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से कुल्लू-मनाली गए थे। क्षेत्र में इन दिनों बर्फबारी हो रही है और पर्यटकों की काफी भीड़ है। बताया जाता है कि वीर अपने दोस्तों के साथ बर्फ में खेलने और हिम क्रीड़ा का आनंद लेने गए थे। इस दौरान उन्होंने फिसलपट्टी (स्कीइंग) भी की। दिनभर घूमने-फिरने के बाद वे अपने ठहरने के स्थान पर लौट आए। जानकारी के अनुसार आवासीय विश्राम गृह लौटने के कुछ समय बाद ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वे अचेत हो गए, जिसके बाद साथ मौजूद मित्रों ने घबराकर तत्काल उन्हें निकटवर्ती चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक स्तर पर मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। चिकित्सकों ने हृदय गति रुकने या अत्यधिक ठंड के प्रभाव की आशंका जतायी है। घटना की सूचना मंगलवार देर शाम परिवार को दी गई। जानकारी मिलते ही पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और बाबूलाल सोरेन गहरे सदमे में हैं। बुधवार को परिवार के सदस्य तत्काल कुल्लू के लिए रवाना हो गए हैं।

### सीएम ने वीर सोरेन के निधन पर जताया शोक

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत जी ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के पोते वीर सोरेन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कुल्लू में हुए इस दुखद हादसे की खबर से मुख्यमंत्री ने स्वयं को मर्माहत बताया।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने मरांग बुरु से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कठिन घड़ी में राज्य सरकार और पूरा झारखंड परिवार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है।

## ईडी ने अनिल अंबानी का 3716 करोड़ रुपये का घर किया अटैच

**एजेंसी**

**मुंबई ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बुधवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के कथित बैंक घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत उद्योगपति अनिल अंबानी के मुंबई के पाली हिल स्थित आवास अबोड को अटैच कर लिया है। अटैच की गई प्रॉपर्टी की कीमत 3,716.83 करोड़ रुपये है।

ईडी के अनुसार इससे पहले इस प्रॉपर्टी का 473.17 करोड़ रुपये का हिस्सा अटैच किया गया था। आज की गई नई कार्रवाई के साथ अनिल अंबानी की अब तक अटैच की गई प्रॉपर्टी की कुल कीमत 15,700 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है। ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबाआई) की एफआईआर के आधार पर भारतीय दंड संहिता, 1860



की धारा 120-ब, 406 और 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1989 की धारा 13(2) के साथ 13(1)(ड) के तहत रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरसीओएम), अनिल अंबानी और दूसरों के खिलाफ जांच शुरू की थी। ईडी ने बताया कि आरसीओएम और उसकी ग्रुप कंपनियों ने लोन लिया था, जिसमें से कुल 40,185 करोड़ रुपये बकाया है।

## न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत किसी को भी नहीं देंगे : सीजेआई

### एनसीईआरटी की किताब में ज्यूडिशियरी में करप्शन का किया गया है दावा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि चाहे कोई भी हो, हम किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं देंगे। मुख्य न्यायाधीश ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा 8 की किताब में %न्यायपालिका में भ्रष्टाचार% से जुड़े अध्याय पर गंभीर आपत्ति जताई है और इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि धरती पर किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। न्यायालय में बुधवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि एनसीईआरटी की कक्षा 8 में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का एक अध्याय दिया गया है। ये काफी चिंता की बात है।

### 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड पहचान के रूप में मान्य नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड सिर्फ पहचान के रूप में मान्य नहीं होगा। इन्हें सिर्फ सहायक (पूरक) दस्तावेज माना जाएगा। एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा जब उसके साथ मार्कशीट भी हो। वरिष्ठ वकील डीएस नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला उठाकर पूछा था कि क्या क्लास 8वीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड अपने आप में पहचान पत्र रूप में इस्तेमाल हो सकता है। क्लास 8वीं की मार्कशीट पहचान सत्यापन के लिए मान्य दस्तावेजों में शामिल है। एडमिट कार्ड सिर्फ उसी की पुष्टि के लिए जोड़ा जा सकता है।

## केरल' से 'केरलम' पहचान की पुनर्स्थापना या राजनीतिक रणनीति?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, राजनीतिक और संवैधानिक बहस का विषय बन गया है। यह फैसला उस प्रस्ताव की अगली कड़ी है जिसे राज्य विधानसभा पहले ही पारित कर चुकी थी। अब प्रश्न यह है कि इस नाम परिवर्तन से राज्य को वास्तविक लाभ क्या होंगे, संभावित हानियां क्या हो सकती हैं, इसका चुनावी राजनीति पर क्या असर पड़ेगा और क्या इससे भारतीय जनता पार्टी को कोई राजनीतिक फायदा मिल सकता है।
सबसे पहले लाभ की बात करें तो समर्थकों का तर्क है कि 'केरलम' नाम राज्य की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान के अधिक अनुरूप है। मलयालम भाषा में राज्य को 'केरलम' कहा जाता है, इसलिए यह परिवर्तन स्थानीय अस्मिता और आत्मसम्मान को मजबूती देता है। भारत में पहले भी कई राज्यों ने अपनी ऐतिहासिक या भाषाई पहचान के अनुरूप नाम बदले हैं–जैसे ओडिशा (पूर्व नाम उड़ीसा) और उत्तराखंड (पूर्व नाम उत्तरांचल)। इन उदाहरणों से यह तर्क दिया जाता है कि नाम परिवर्तन कोई असामान्य कदम नहीं, बल्कि समय के साथ पहचान के परिष्कार की प्रक्रिया है।
दूसरा संभावित लाभ सांस्कृतिक ब्रांडिंग का है। 'केरलम' नाम पर्यटन, आयुर्वेद, बैकवाटर्स और पारंपरिक कला रूपों की वैश्विक पहचान को स्थानीय भाषा से जोड़ सकता है। जब कोई राज्य अपनी मूल सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को आधिकारिक रूप देता है तो वह अपने नागरिकों में गौरव की भावना उत्पन्न करता है। इससे प्रवासी समुदाय, विशेषकर खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों मलयाली लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत हो सकता है। यह मनोवैज्ञानिक लाभ सीधे आर्थिक लाभ में बदले या न बदले, लेकिन सामाजिक आत्मविश्वास को बढ़ाने में भूमिका निभा सकता है।
हालांकि, इसके साथ कुछ व्यावहारिक चुनौतियां और संभावित हानियां भी जुड़ी हैं। नाम बदलने की प्रक्रिया में प्रशासनिक दस्तावेजों, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों, सरकारी वेबसाइटों, कानूनी अभिलेखों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय समझौतों में संशोधन की आवश्यकता होगी। यह प्रक्रिया समय और संसाधन दोनों लेती है। आलोचकों का कहना है कि जब राज्य बेरोजगारी, बाढ़ प्रबंधन, कर्ज बोझ और बुनियादी ढांचे जैसी चुनौतियों से जूझ रहा हो, तब नाम परिवर्तन प्राथमिकता नहीं होना चाहिए। उनका तर्क है कि इससे प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ सीमित हैं, जबकि प्रशासनिक लागत वास्तविक है। चुनावी असर के संदर्भ में यह निर्णय दिलचस्प है। केरल में लंबे समय से वामपंथी दलों और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन का वर्चस्व रहा है। भाजपा यहां अब तक सीमित प्रभाव ही बना पाई है। ऐसे में यदि नाम परिवर्तन का निर्णय केंद्र सरकार की मंजूरी से आगे बढ़ता है, तो भाजपा इसे संस्कृति के सम्मान÷ और ÷संविधान सम्मत प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत कर सकती है। यह संदेश देने की कोशिश हो सकती है कि केंद्र क्षेत्रीय पहचान के खिलाफ नहीं, बल्कि उसके साथ है। इससे भाजपा को यह नैरेटिव गढ़ने का अवसर मिल सकता है कि वह केवल हिंदी पट्टी की पार्टी नहीं, बल्कि दक्षिण भारत की आकांक्षाओं को भी समझती है।लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि केरल की राजनीति अत्यंत जागरूक और वैचारिक रूप से परिपक्व मानी जाती है। यहां मतदाता केवल प्रतीकात्मक मुद्दों पर वोट नहीं देते, बल्कि सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और धर्मनिरपेक्षता जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए केवल नाम परिवर्तन से चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव आ जाए, यह मान लेना जल्दबाजी होगी। हां, यह भाजपा के लिए एक संवाद का द्वार खोल सकता है, जिससे वह राज्य की सांस्कृतिक भावनाओं के प्रति संवेदनशील दिखे।भाजपा के संभावित फायदे पर यदि विस्तार से विचार करें तो यह निर्णय उसे दक्षिण भारत में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने का अवसर दे सकता है। पार्टी यह तर्क रख सकती है कि उसने राज्य विधानसभा की इच्छा का सम्मान किया और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कदम उठाया। इससे वह उन मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर सकती है जो क्षेत्रीय पहचान और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन चाहते हैं। साथ ही, यह विपक्ष के उस आरोप को भी कमजोर कर सकता है कि केंद्र सरकार राज्यों की स्वायत्तता की अनदेखी करती है।दूसरी ओर, विपक्ष इसे प्रतीकात्मक राजनीति÷ बताकर जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगा सकता है। यदि राज्य में आर्थिक या सामाजिक समस्याएं बनी रहती हैं, तो नाम परिवर्तन का मुद्दा जल्दी ही पृष्ठभूमि में चला जाएगा। इसलिए चुनावी लाभ तभी संभव है जब इसे व्यापक विकास और सुशासन के एजेंडे के साथ जोड़ा जाए।

## कश्मीर से कोलकाता तमिलनाडु ,तक आतंक के तार

**मनोज कुमार अग्रवाल**

हाल ही में देश में एक बार फिर बड़ी आतंकी साजिश बेनकाब हुई है. पाकिस्तान आइएसआइ और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों की शह पर बड़ी आतंकी साजिश रचने वाले 8 संदिग्धों को कल गिरफ्तार किया गया . उनकी गिरफ्तारी को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बीते दस दिनों में दिल्ली और कोलकाता के कई इलाकों में ÷फ्री कश्मीर÷ और ÷कश्मीर में जनसंहार बंद करो÷ जैसे पोस्टर लगाने की घटना के बाद शुरू हुई जांच अब एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क तक पहुंच गई है. इस पूरे ऑपरेशन में अब तक कुल 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है 6 तमिलनाडु से और 2 पश्चिम बंगाल से हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, पोस्टर लगाने की घटना के बाद संदिग्ध तुरंत दिल्ली और कोलकाता से निकलकर अपने-अपने ठिकानों पर लौट गए थे. इस मामले में सबसे पहले मालदा से दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, जिनसे पूछताछ और मोबाइल डेटा एनालिसिस के आधार पर तमिलनाडु में सक्रिय मॉड्यूल का पता चला. इसके बाद तिरुप्पुर जिले के उथुकुली (2), पल्लडम (3) और तिरुमुरुगनपूंडी (1) स्थित गारमेंट यूनिट्स पर छापेमारी करते हुए छह और आरोपियों को पकड़ा गया.तमिलनाडु से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल के रूप में हुई है. इनमें से अधिकांश के बारे में पता चला है कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं और भारत में फर्जी आधार कार्ड व नकली पहचान के जरिए रह रहे थे. सभी को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है. जांच में सामने आया है कि इनका सीधा या परोक्ष संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्स्ढ्ढ और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों से था. कुछ संदिग्ध हाल ही में बांग्लादेश भी गए थे, जहां वे सक्रिय आतंकी नेटवर्क के संपर्क में आए.सुरक्षा एजेंसियों ने कोलकाता में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की गहरी पैठ और एक सुनियोजित साजिश का सनसनीखेज खुलासा किया है। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी उमर फारूक ने कोलकाता महानगर को ही अपना मुख्य परिचालन केंद्र बना लिया था और वह लश्कर के एक सक्रिय हैंडलर के तौर पर काम कर रहा था। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि उमर का संपर्क मार्च 2025 में कश्मीर निवासीसब्बिर अहमद लोन से हुआ था, जिसके बाद कोलकाता को दहलाने की खतरनाक साजिश की पटकथा लिखी गई। इस नेटवर्क ने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए न केवल हिंदू नामों का सहारा लिया, बल्कि शहर के अति-संवेदनशील धार्मिक स्थलों की रेकी कर उनके वीडियो सीमा पार अपने आकाओं को भेजे।खुफिया एजेंसियों के दावे के मुताबिक, हैंडलर सब्बिर के सीधे निर्देश पर उमर ने कोलकाता में एक किराए का मकान लिया था. जिसे साजिश को अंजाम देने के लिए सेफ हाउस के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि आतंकियों के निशाने पर चांदनी चौक इलाके के पास स्थित एक प्रमुख मंदिर था। उमर और उसके साथियों ने अपनी पहचान छिपाकर इस मंदिर की येह ली और उसका विस्तृत वीडियो बनाकर कश्मीर मेंबैठे अपने हैंडलर को भेजा। माजिश का दायरा केवल रेकी तक सीमित नहीं था सुरक्षा बलों को पुख्ता इनपुट मिले हैं कि यह मॉड्यूल शहर में विस्फोटक और आधुनिक हथियार जुटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुका था। दिसंबर 2024 से ही कोलकाता के विभिन्न हिस्सों में रेकी की जा रही थी और माहौल को अस्थिर करने के लिए देश विरोधी पोस्टर लगाने की भी योजना बनाई गई थी। उमर और उसके गिरोह नैखेची-समझी रणनीति के तहत हिंदू नामों का उपयोग किया ताकि स्थानीय लोगों और पुलिस की रडार से बचा जा सके। खुफियाअधिकारियों का मानना है कि यदि समय रहते इस मॉड्यूल का पर्दाफाश नहीं होता, तो कोलकाता किसी बड़ी आतंकी त्रासदी का गवाह बन सकता था। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां उम्र से मिली जानकारी के आधार पर इस नेटवर्क की अन्य कड़ियों को
जोड़ने में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि महानगर में उन्हें स्थानीय स्तर पर औरकिन लोगों से रसद व अन्य सहायता मिल रही थी।एसटीएफ ने दूसरे के आधार कार्ड पर भारतीय सिम सक्रिय कर उनका ओटीपी पाकिस्तान भेजने बाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुर्शिदाबाद के बहारमपुर से पकड़े गए आरोपी का नाम सुमन शेख है। वह पुणे में काम के दौरान पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में आया था। जांच में खुलासा हुधा है कि सुमन फर्जी आधार कार्ड के जरिए प्री-एक्टिवेटेड सिम खरीदता और उनके नंबर व व्हाट्सऐप ओटीपी सीमा पार भेज देता था। इसके बदले उसे क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान किया जाता था। इन सिम काईस का इस्तेमाल जासूसी या साइबर ठगी के लिए होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों के मुताविक, इस नेटवर्क के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ हो सकता है।
आपको पता रहे कि मालदा जिले के मानिकचक थाना अंतर्गत गोपालपुर ग्राम पंचायत के अशिनटोला गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सुरक्षा एजेंसियों ने लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े होने के संदेह में उमर फारूक नामक युवक को गिरफ्तार किया। साठवीं कक्षा तक पढ़े इस युवक की गिरफ्तारी ने न केवल इलाके में सनसनी फैला दी है, बल्कि राज्य में सक्रिय आतंकी मॉड्यूल्स की मौजूदगी को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे अधिक चौंकाने वाली बात उमर फारूक के परिवार के सदस्यों द्वारा दिए गए बयानों में मौजूद भारी विरोधाभास है ।
उमर फारूक की मां ने अपने बयान में एक और बेटे की नासमझी का तर्क दिया है तो दूसरी और अनजाने में ही सही पर एक गंभीर संलिप्तता की ओर इशारा किया है। उनका कहना है कि उमर पूरी तरह अशिक्षित है और उसे किसी भी संगठन की विचारधारा की समझ नहीं है। मां के अनुसार, संभव है कि पैसों के लालच में आकर उसने कुछ पोस्टर लगाए हों, लेकिन उसे यह बिल्कुल भी पता नहीं था कि वे पोस्टर किसी उग्रवादी संगठन के हैं। उन्होंने दावा किया कि उनका बेटा किसी भी प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधि में जानबूझकर शामिल नहीं हो सकता। यहीं दूसरी ओर, उमर की पत्नी ने अपनी सास के दावे को पूरी तरह से खारिज करते हुए अपने पति को बेकसूर और साजिश का शिकार बताया है। पत्नि का कहना है कि उम्र सालों से कोलकाता में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था और उन्होंने कभी भी उसके व्यवहार में कोई संदिग्ध बदलाव या किसी अज्ञात व्यक्ति से उसके संपर्क को नहीं देखा। एजेंसियां फिलहाल उबर के इन अलग-अलग दावों और पारिवारिक विरोधाभासों की बारीकी से जांच कर रही हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या यह कोलकाता में मजदूरी की आड़ में किसी आतंकी मॉड्यूल के लिए स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहा था। अधिकारियों का मानना है कि परिवार के बयानों में यह अंतर किसी बड़ी सच्चाई को छिपाने की कोशिश भी हो सकता है। फिलहाल पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के जरिए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है कि उमर की वास्तविक भूमिका क्या थी और वह किन लोगोंके निर्देश पर काम कर रहा था।दरअसल इन पोस्टर्स का उद्देश्य सोशल नैरेटिव को प्रभावित करना और भारत में अस्थिरता पैदा करना था.जांच एजेंसियां अभी यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या इन आरोपियों का भारत के किसी स्थानीय मॉड्यूल या अन्य संगठनों से भी संपर्क था.

## पादरी लोरन भड़के ,क्या सुधरेंगे राष्ट्रपति ट्रंप

**सनत जैन**

अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के शार्लोट स्थित सेंट्रल चर्च के वरिष्ठ पादरी लोरन लिविंगस्टन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भाषा और उनके सार्वजनिक आचरण को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। हालिया धर्मोपदेश में उन्होंने कहा, देश के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति को संयमित, शालीन और मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उनका कहना था, नेतृत्व केवल नीतियों और निर्णयों से नहीं होता है। बल्कि स्वयं के चरित्र, व्यवहार और वाणी से व्यक्ति की पहचान होती है। हर सफल व्यक्ति के पीछे उसका चरित्र, व्यवहार और उसकी कही हुई बातें ही महत्व रखती हैं। अमेरिका में अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर राजनीति के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर विरोध होने लगा है। पादरी लिविंगस्टन ने कहा, कि सार्वजनिक जीवन में अपमानजनक और अशोभनीय शब्दों का प्रयोग पूरे समाज को गलत संदेश देता है। उन्होंने पवित्र बाइबिल का हवाला देते हुए कहा, हृदय की प्रचुरता एवं संवेदनशीलता से ही मुख से बातें निकलती हैं। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीख देते हुए समझाया, व्यक्ति की भाषा ही उसके भीतर के विचारों और चारित्रिक मूल्यों को दर्शाती है। यदि नेता की वाणी कटु और अपमानजनक है, तो यह उसके आंतरिक दृष्टिकोण को प्रकट करती है। उन्होंने स्पष्ट किया, राजनीतिक विचारधारा और ईसाई आस्था को एक-दूसरे के समान नहीं माना जा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप अपने आप को 'रूढ़िवादी', 'जीवन समर्थक' या 'बाइबिल आधारित परिवार का समर्थक' बताना उन्हें सच्चा ईसाई नहीं बनाता है। उन्होंने नस्लीय आधार पर धर्म को विभाजित करने की प्रवृत्ति पर भी भारी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा, मसीही समुदाय में श्वेत ओर अश्वेत जैसी अलग पहचान नहीं है। बिना किसी भेदभाव के जो व्यक्ति ईसा मसीह पर विश्वास करता है, यह विश्वास ही उन्हें सच्चा मसीही बनाता है। सभी में मसीह हैं और मसीह एक ही है। उनके इस बयान के बाद अमेरिका में राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर बहस तेज हो गई है। पादरी के इस बयान की बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया अमेरिका में हो रही है। पादरी के इस बयान के बाद अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ संसद से लेकर सड़क तक एक नाराजगी देखने को मिल रही है।

अमेरिका के नागरिक और धर्म समर्थकों के बीच इसकी बड़ी तीव्र प्रक्रिया हुई है। अमेरिका के नागरिक पादरी के बयान को नैतिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण नसीहत मान रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जिस तरह से विभिन्न राज्यों के नागरिकों के साथ अलग व्यवहार कर रहे हैं, अमेरिकी समाज को उन्होंने कई हिस्सों में बांट दिया है। मानों सब एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हुए हैं। यह अमेरिका की संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था के कहीं से भी अनुकूल नहीं है। ईसाई धर्म में जिस तरह की वैमनस्यता आपस में फैलाई जा रही है। उसका अमेरिका जैसे स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश में कोई स्थान नहीं है। लोग महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं। उनके पास रहने को अपना घर नहीं, खाने को भोजन नहीं है। अमेरिका की आधी से ज्यादा आबादी अपना जीवन-यापन नहीं कर पा रही है। ऐसी स्थिति में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन, लगातार बढ़ते टैक्स, शासकीय और प्रशासकीय प्रताड़ना अब अमेरिका के लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रही हैं। जिस तरह की अभद्र भाषा का उपयोग ट्रंप करते हैं, बात-बात में जिस तरीके की धमकियां देते हैं, उसको लेकर आज अमेरिका ऐसी स्थिति में खड़ा हो गया है। जहां से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। ऐसी स्थिति में पादरी का यह कहना, राष्ट्रपति का व्यवहार आम नागरिकों के साथ कैसा हो, यह समय की मांग है। डोनाल्ड ट्रंप यदि पादरी की नसीहत को नहीं समझ पाए, ऐसी स्थिति में उन्हें अपने पद पर बने रहना मुश्किल हो सकता है। क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। पादरी के बयान की ट्रंप समर्थक आलोचना कर ट्रंप का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप समर्थक और आलोचक इसे एक राजनीतिक टिप्पणी मान रहे हैं। किंतु पादरी ने जिस मुखरता और नाराजगी के साथ धर्म का पक्ष रखते हुए ट्रंप को नसीहत दी है, उसकी प्रतिक्रिया अमेरिका के राजनेताओं एवं आम जनता के बीच देखने को मिल रही है। जब बड़े-बड़े धर्मगुरु ही सत्ता के विरोध में खड़े हो जाएं, ऐसी स्थिति में सत्ता को बचाए रखना आसान नहीं होता है।

# पाकुड़ की खबरें

## प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए 24,116 छात्रों के आवेदन स्वीकृत

**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से संबंधित आवेदनों पर निर्णय हेतु जिला स्तरीय छात्रवृत्ति स्वीकृति एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए सह जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का ने बताया कि जिले के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन एवं सत्यापन की प्रक्रिया विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जा रही है। गहन समीक्षा एवं विस्तृत जांच के उपरांत समिति ने 24,116 नए आवेदनों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त मनीष कुमार ने निर्देश दिया कि स्वीकृत सूची को कोषागार से विपत्र पारित कराते हुए डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति राशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा । उपायुक्त ने कहा कि छात्रवृत्ति योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति एवं भविष्य निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## डीसी ने की कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी एई एवं जेई को जाहेरस्थान, कब्रिस्तान एवं धुमकुड़िया हाउस के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए संबंधित प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया। बैठक में एकलव्य आवासीय विद्यालयों से संबंधित विषयों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की कार्य अवधि 01 अप्रैल 2026 को समाप्त हो रहा है। इससे पूर्व शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालयों में चल रहे नामांकन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि विभागीय योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंच सके।

## होली पर्व को शांति से मनाएं: डीसी


**पाकुड़।**होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में मनाने को लेकर बाजार समिति में बुधवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों से सुझाव प्राप्त किए गए तथा प्राप्त समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया गया। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या फेक न्यूज का प्रचार-प्रसार न करें। सोशल मीडिया पर प्राप्त किसी भी सूचना को प्रशासन से पुष्टि के बाद ही साझा करें। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने कहा कि संवेदनशील स्थानों एवं धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। स्टैटिक जांच एवं भ्रमणशील दल लगातार सक्रिय रहेंगे तथा 24म7 सोशल मीडिया की निगरानी की जाएगी। मौके पर आईटीडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह मौजूद थे।

## मतगणना की तैयारी पूरी, प्रत्यशियों के पल - पल भारी

**जितेन्द्र दास**

**पाकुड़।** नगर निकाय 2026-में 42 मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन के सौजन्य से 23 फरवरी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। इसी के साथ 21 वार्ड के वार्ड पार्षद 89 उम्मीदवार व अध्यक्ष के 10 उम्मीदवारो का 42 मतदान केंद्र में 37033 मतदाताओ ने अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतपेटिका में कैद कर दिया है। इनमें से 18677 महिला मतदाता एवं 18356 पुरुष मतदाता शामिल है। अब प्रतीक्षा है 27 फरवरी का।

प्रत्यशियों के लिए एक-एक पल भारी पड़ रहा है। आमतौर पर सभी प्रत्यशी अपनी जीत की दावा ठोक रहे हैं। किंतु जनता जनरदन से



मिले प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद हेतू मुख्य रूप से भाजपा समर्थित उम्मीदवार संपा साहा , भाजपा के बागी उम्मीदवार शबरी पाल, झामुमो समर्थित उम्मीदवार शेख सलीना सुल्तान एव सीमा सोनी भगत में के बीच कड़ी मुकाबाला होने की संभावना है। जीत हार बड़ी कम अंतराल से होगी । अध्यक्ष पद के उम्मीदवारओं में नौ हिंदू व एक मुस्लिम प्रत्यशी चुनाव मैदान में डेट थे । चौक चौराहों में चर्चा के अनुसार यदि हिन्दू वोट नौ भागों में विभाजित होता है तो इसका सीधा फायदा झामुमो समर्थीत उम्मीदवार शेख सलीना सुलताना को जाता। इससे उनकी जीत होने की पुरी संभावना है। हालाकि सबरी पाल का हवा भी जोर शोर बह से रहा था। जनता को इनसे बहुत आशा है । अगले 24 घंटा में सब साफ हो जाएगा की जनता ने किसको अपना ताज पहनाया है और किसे ठुकराया है।दूसरी ओर 89 उम्मीदवारओं में 21 वार्डों के लिए 21 प्रत्यशी भी अपनी जीत की प्रतिक्षा कर रहे हैं । वार्ड संख्या 5 में चर्चा के दौरान पाया गया की राना ओझा चुनाव जीत सकते हैं। अध्यक्ष पद के साथ ही वार्ड पार्षद का भाग्य का फैसला भी जनता जनरदन ने मतपेटिक में कैद कर दिया है। अध्यक्ष पद के घोषणा के साथ ही 21 वार्डों के 21 नए वार्ड पार्षद की की घोषणा की जायेगी घोषणा के साथ ही कहीं खुशी और कहीं गम का माहौल होगा।

## एसडीपीओ व थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**महेशपुर (पाकुड़ )।** थाना क्षेत्र में बीते 16 फरवरी की देर रात्रि को हथियार के बल पर 3 लाख 43 हजार 600 सौ रुपये की छिनतई कर लेने का मामले को लेकर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की सफलता पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिजय कुमार एवं थाना प्रभारी रबी शर्मा को स्थानीय व्यवसायिक की एक टीम ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया ।इस दौरान व्यवसायिक टीम ने बताया कि पुलिस की इस कार्रवाई से हम व्यवसायिको में काफी खुशी है और पुलिस ततपरता से ऐसी घटना को अंजाम देने वाले पर नकेल कसा गया इतना ही नही पुलिस ऐसी घटना को लेकर लगातार छापेमारी कर रही थी और अंत मे सफलता हासिल कर लिया और फिर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर मामला का खुलासा करते हुए जेल भेज दिया ।इधर व्यवसायिक के हाथों हुए सम्मानित एसडीपीओ एवं थानेदार सहित पुलिस महकमे में जोस भर आया ।मौके व्यवसायिक आनंद झा, दीपक कुमार सिंह, गोलक उर्फ अभिषेक सिंह ,सुवेन्दु बनर्जी समेत अन्य लोग उपस्थित थे ।

## अंडर-23 में चमका सेंटू कुमार यादव का बल्ला, सेमी फाइनल में पहुंची पाकुड़ टीम

**पाकुड़ संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 क्रिकेट टूर्नामेंट में पाकुड़ जिला की टीम ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। दुमका में मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में पाकुड़ ने सरायकेला खरसावां के साथ खेला गया। जहां पाकुड़ ने सरायकेला को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी। क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में पाकुड़ की ओर से सेंटू कुमार यादव के बल्ले ने एक बार फिर धमाल मचाया है। ऑलराउंडर सेंटू कुमार यादव ने 200 के स्ट्राइक रेट से महज 45 गेंदों में 90 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्हें शानदार बल्लेबाजी के लिए क्वार्टर फाइनल का प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। सरायकेला खरसावां की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.2 ओवर खेल कर सभी विकेट गंवाकर 175 रन बनाकर पाकुड़ टीम के सामने 176 रनों का लक्ष्य रखा। वहीं पाकुड़ की टीम ने 19.2 ओवर में ही छह विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। इधर पाकुड़ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष गणपत सिंह ने बताया कि पाकुड़ की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।

## पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ

**पाकुड़।** होली पर्व के मद्देनज़र प्राकृतिक एवं पर्यावरण- अनुकूल रंगों को बढ़ावा देने की दिशा में बुधवार को पलाश हर्बल गुलाल का भव्य शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा अन्य जिला पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों से पलाश हर्बल गुलाल क्रय कर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण, स्थानीय रोजगार सृजन तथा जिले के आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पलाश हर्बल गुलाल अब पाकुड़ बाजार स्थित पलाश मार्ट, दीदी कैफे एवं अन्य दुकानों पर आमजन के लिए उपलब्ध है। यह हर्बल गुलाल कॉर्न स्टार्च, पालक, गेंदे के फूल, पलाश के फूल, चुकंदर एवं नीम की पत्तियों जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किया गया है। यह पूर्णतः पर्यावरण अनुकूल, रसायनमुक्त तथा त्वचा के लिए सुरक्षित है।उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से अपील किया कि वे स्थानीय स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदकर ÷वोकल फॉर लोकल÷ अभियान को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से ग्रामीण आजीविका मजबूत होगी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को बल मिलेगा।




## महिला के गले से छीनी सोने की चेन



**पाकुड़ ।** नगर थाना क्षेत्र के शहरकोल में 22 फरवरी की शाम बाइक से आए दो बदमाशों ने विभा देवी के गले से सोने का चेन छीनकर भाग निकला। पीड़िता ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। महिला का पति सीआइडी विभाग में है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ घर के दरवाजे पर खड़ी थी। इसी बीच दो युवक बाइक से आया और स्टेशन जाने का रास्ता पूछा। पीड़िता रास्ता बता ही रही थी कि बाइक में पीछे बैठा बदमाश झपट्टा मारकर सोने का चेन छीन लिया। इसके बाद दोनों स्टेशन की ओर भाग निकला। पीड़िता ने बताया कि उसके गले में करीब 15 ग्राम सोने का चेन था। जिसकी कीमत करीब 1.50 लाख बताया जा रहा है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## छात्र- छात्राओं को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रखंड के सरस्वती शिशु मंदिर में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई। अभियान के तहत बच्चों को दवा का सेवन स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में कराया गया।टीम में शामिल नर्स प्रीति किस्कू ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों और आम लोगों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। दवा खिलाने से पहले बच्चों को इसके फायदे और संभावित हल्के दुष्प्रभावों की भी जानकारी दी गई।विद्यालय प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की। शिक्षकों ने भी बच्चों को नियमित रूप से दवा लेने और स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रधानाचार्य बिमल महतो, आचार्य मुकेश कुमार, नंदकिशोर मंडल, विष्णु साहा,प्रशांत मंडल सहित सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक संपन्न

**पाकुड़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आगामी 14 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल बनाने को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश दिवाकर पांडे के निर्देश पर सचिव रूपा बंदना किरो की अध्यक्षता में अहम बैठक जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ की गई। जिसमें मामलों का निष्पादन को लेकर विचार विमर्श की गई। इस दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण को सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा की गई। सचिव रूपा बंदना किरो ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित ऋण वसूली प्री लिटिगेशन एवं अन्य सुलह योग्य मामलों की सूची तैयार कर संबंधित पक्षकारों को समय पर नोटिस भेजा जाए, ताकि अधिक से अधिक संख्या में मामलों का निष्पादन हो सके।

## शांति समिति की बैठक आयोजित

**पाकुड़।** होली और इंद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर मुफ्फसिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी ने की। बैठक में थाना प्रभारी गौरव कुमार, मुफ्फसिल अंचल क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि और मीडिया बंधु उपस्थित रहे। इस दौरान दोनों पवों को आपसी सद्भाव और सामाजिकसमरसता के साथ मनाने की अपील की गयी। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अफवाहों पर ध्यान नाहीं देने तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का आग्रह किया। साथ ही पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी आपसी समन्वय के साथ त्योहार मनाने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने का आश्वासन दिया।

# चार-पांच माह से लंबित मानदेय भुगतान की मांग तेज

## एनएचएम कर्मियों ने डीसी से मिलकर कोषागार के माध्यम से शीघ्र भुगतान की उठाई मांग

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत एनएचएम कर्मियों के चार-पांच महीने से लंबित मानदेय भुगतान को लेकर देवघर समाहरणालय में उपायुक्त से मुलाकात की गई। झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ,देवघर के सचिव अरुण यादव एवं कोषाध्यक्ष सौरव रिचर्ड्स के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कोषागार के माध्यम से अविलंब भुगतान की मांग रखी। इस दौरान एनएचएम एएनएम संघ की अध्यक्ष अलका कुमारी सहित एएनएम पूनम, बबीता, जूली, सोनी, रानी, उषा, रेखा, रश्मि, मनोरमा,



अनिता, रीता, मोनिका, पूनमलता समेत अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विभाग द्वारा अनुबंध कर्मियों का भुगतान भी कोषागार के माध्यम से किए जाने के निर्णय के बाद तकनीकी व प्रक्रियागत कठिनाइयों के कारण देवघर जिले के करीब ढाई सौ स्वास्थ्यकर्मियों का मानदेय अक्टूबर 2025 से लंबित है, जिससे कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट और भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। उपायुक्त ने सकारात्मक वातावरण में समस्याओं को सुना तथा वित्त विभाग से दूरभाष पर वार्ता कर शुक्रवार तक भुगतान सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। त्वरित पहल के लिए संघ ने उपायुक्त के प्रति आभार प्रकट किया।

# जसीडीह में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम ने की छापेमारी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर नगर निगम द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जसीडीह क्षेत्र में दूसरे दिन भी सख्त छापेमारी की गई। नगर निगम की टीम ने विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की।

यह संयुक्त अभियान सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के सहयोग से संचालित किया गया। छापेमारी दल में सीपीसीबी के पदाधिकारी मनीष कुमार, पर्यावरण अभियंता दीपक कुमार, सेनेटरी एवं फूड इंस्पेक्टर सुनील कुमार, सेनेटरी इंस्पेक्टर पिंटू राय तथा चंद किशोर झा



सहित अन्य कर्मी शामिल रहे। जांच के दौरान कई दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग पाया गया। इस पर संबंधित दुकानदारों से कुल 4,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया तथा करीब 7 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी नियमित कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही नागरिकों एवं व्यापारियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग की अपील की गई है।

# अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, चालक-खलासी फरार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने मोहनपुर गांव एवं ओझा मोड़ के समीप छापेमारी कर अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए। हालांकि कार्रवाई के दौरान चालक और खलासी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, थाना को सूचना मिली थी कि मोहनपुर क्षेत्र से अवैध रूप से बालू का उठाव कर ट्रैक्टरों के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है।

सूचना के सत्यापन के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने संबंधित स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान बालू से लदे दो



ट्रैक्टरों को पकड़ा गया और उन्हें जब्त कर थाना लाया गया।अवैध खनन से राजस्व व पर्यावरण को नुकसान

ज्ञात हो कि मधुपुर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों से इन दिनों अवैध बालू खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। बिना वैध चालान और अनुमति के हो रहे इस अवैध उठाव से जहां सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है, वहीं पर्यावरण संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अनियंत्रित खनन से नदी तटों का कटाव बढ़ने और भू-क्षरण जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। कानूनी प्रक्रिया शुरू

पुलिस ने जब्त किए गए ट्रैक्टरों को थाना परिसर में सुरक्षित रखकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर फरार चालक और खलासी की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** ठाढ़ीदुलमपुर स्थित गंगा विश्वशांति सद्भावना धाम इन दिनों भक्ति और वेद-मंत्रों की पावन स्वर-लहरियों से गुंजायमान है। परम सद्गुरु डॉ. दुर्गेश आचार्य महाराज के सान्निध्य में आयोजित नौ दिवसीय गंगा अष्टादश महापुराण यज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा के आठवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः महायज्ञ में विधिवत पूजन के उपरांत संतों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष महेश प्रसाद राय के नेतृत्व में बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन कर विश्वशांति और जनकल्याण



की कामना की। यज्ञ मंडप में चारों वेद और अठारह पुराणों के मंत्रोच्चार से वातावरण दिव्य हो उठा। संध्या बेला में भव्य आरती और वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महाप्रसाद वितरण में हजारों भक्तों ने भाग लिया, जहां अनुशासन और सेवा-भाव की मिसाल देखने को मिली। झारखंड, बिहार, बंगाल और उत्तराखंड से पहुंचे श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। आज पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ संपन्न होगा, किंतु यहां से मिली आध्यात्मिक प्रेरणा लंबे समय तक जनमानस को आलोकित करती रहेगी।

# तीन एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच बढ़ाया गया

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** लोकप्रिय एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच बढ़ाना एक लगातार चलने वाली पहल है, जिसका उद्देश्य यात्रियों के पूरे यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है। इसलिए यात्रियों के बेहतर आराम और अधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने निम्नलिखित एक्सप्रेस ट्रेनों में अस्थायी आधार पर अतिरिक्त वातानुकूलित और शयनयान श्रेणी के कोच जोड़ने का निर्णय लिया है-

19608/19607 मदार जंक्शन - कोलकाता - मदार जंक्शन साप्ताहिक एक्सप्रेस में एक वातानुकूलित-2 टियर कोच जोड़ा जाएगा। यह एक्सप्रेस ट्रेन 02.03.2026 से 30.03.2026 तक (नामित दिनों में) मदार जंक्शन से और 05.03.2026 से 02.04.2026 तक (नामित दिनों में) कोलकाता से रवाना होगी। उक्त ट्रेन 22 कोच के साथ चलेगी।

12988/12987 अजमेर - सियालदह - अजमेर एक्सप्रेस के साथ एक वातानुकूलित -प्रथम श्रेणी का कोच जोड़ा जाएगा। यह ट्रेन 01.03.2026 से 31.03.2026 तक अजमेर से और 02.03.2026 से 01.04.2026 तक सियालदह से रवाना होगी। उक्त ट्रेन 22 कोच के साथ चलेगी।

12495/12496 बीकानेर - कोलकाता - बीकानेर एक्सप्रेस के साथ एक वातानुकूलित -3 टियर और एक स्लीपर क्लास कोच जोड़ा जाएगा। यह ट्रेन 05.03.2026 से 26.03.2026 तक (नामित दिनों में) बीकानेर से और 06.03.2026 से 27.03.2026 तक (नामित दिनों में) कोलकाता से रवाना होगी। उक्त ट्रेन 22 कोच के साथ चलेगी।

# झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू का देवघर आगमन, एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** अखिल भारतीय कांग्रेस वर्किंग कमिटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू का दिल्ली से फ्लाइट द्वारा देवघर आगमन हुआ। देवघर एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में प्रदेश एवं जिला स्तरीय नेताओं ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया।

# बच्चों की सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर द्वारा अध्यक्ष ज्ञानी मिश्रा के नेतृत्व में विवेकानंद प्राइमरी स्कूल, बेला बगान में बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम क्लब के स्पर्श - एक एहसास प्रोजेक्ट के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के विषय में जागरूक करना था। अध्यक्ष ज्ञानी मिश्रा ने बच्चों को सरल और प्रभावी भाषा में समझाया कि कौन-सा व्यवहार सुरक्षित है और कौन-सा असुरक्षित। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की अनुचित स्थिति में वे बिना डरे अपने अभिभावकों, शिक्षकों या भरोसेमंद बड़ों से तुरंत संपर्क करें। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उनकी सुरक्षा के प्रति सजग बनाना रहा। इस अवसर पर क्लब की सदस्य नमिता भगत ने बच्चों के बीच बिस्किट, चिप्स एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया।


## अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल दण्डाधिकारी
### का कार्यालय, देवघर
### (गोपनीय शाखा)

दूरभाष संख्या- 06432-232326, ईमेल – sdodeoghar@gmail.com

**आदेश**

पुलिस उपाधीक्षक, (मु0), देवघर के ज्ञापांक–43/सी0सी0आर0, दिनांक–24.02.2026 के द्वारा सूचित किया गया है कि नगरपालिका (आम) चुनाव–2026 का मतगणना दिनांक–27.02.2026 को देवघर कॉलेज स्थित बज्रगृह में किया जाना है। उक्त अवसर पर देवघर शहरी क्षेत्र में नो–इन्ट्री जोन एवं रूट डायर्वट भारी वाहनों के आवागमन से देवघर शहर एवं आस–पास के विभिन्न चौक–चौराहों में भीड होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस हेतु यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पार्टी कार्यकर्त्ता/प्रत्याशियों एवं आमजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इन बातों को ध्यान में रखते हुए दिनांक–26.02.2026 के रात्रि 10:00 बजे से दिनांक–28.02.2026 की रात्रि 12:00 बजे तक नीचे अंकित निम्न स्थलों पर सभी प्रकार के वाहनों का रूट डायर्वट, पार्किंग स्थल एवं ड्रॉप गेट बनाये जाने की आवश्यकता प्रतीत होता है, जो निम्न प्रकार है:–

1. **दिनांक–26.02.2026 की रात्रि 10:00 बजे से दिनांक–28.02.2026 की रात्रि 12:00 बजे तक नीचे अंकित बिन्दुओ पर प्रवेश निषेध रहेगा।**

| क्र0 | प्रवेश/रूट डायभर्ट क्षेत्र | प्रवेश निषेध बिन्दु/रूट डायभर्ट | थाना क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | मोहनपुर चौपा मोड़ बैजनाथपुर की और से आने वाली सभी वाहनो का देवघर कॉलेज की ओर प्रवेश निषेध रहेगा। सभी वाहन रंगा मोड़ से रंगा मोड़ टॉल टेक्स होते हुए बाघमारा बस स्टेण्ड गिधनी होते हुए कोठिया से देवपुरा मोड़ टाभाघाट जसीडीह की और जाऐंगे। | रांगा मोड़ | नगर थाना |
| 2. | मोहनपुर चौपा मोड़ बैजनाथपुर की ओर से आने वाली छोटी वाहन का देवघर कॉलेज की ओर प्रवेश निषेध रहेगा। देवघर शहरी क्षेत्र या जसीडीह जाने के लिए दर्शनिया मोड़ से बाएँ होते हुए शिवराम झा चौक से दाहिने हदहदिया पुल होकर अपने गन्तव्य को जाएँगें, जबकि बाघमारा बस स्टेण्ड या सुल्तानगंज जाने के लिए दर्शनिया से दाहिने होकर अपने गन्तव्य को जाएँगे। | दर्शनिया मोड़ (छोटी वाहन) | नगर थाना |
| 3. | जसीडीह एवं शंख मोड़ की ओर से आने वाली सभी वाहनो का देवघर कॉलेज की ओर प्रवेश निषेध रहेगा। सभी वाहन जटाही मोड़ से बाएँ रेलवे फ्लाई ओवर ब्रीज देवघर से रंगा मोड़ टॉल टेक्स होते हुए गन्तव्य को जाऐंगे या सभी वाहन जटाही मोड़ से दाएँ होते हुए तिवारी चौक से सीधे या दाएँ होते हुए गन्तव्य को जाऐंगें। | जटाही मोड़ | नगर थाना |
| 4. | मस्जिद मोड़ एवं टावर की ओर से आने वाली सभी वाहनों का तिवारी चौक से देवघर कॉलेज की ओर प्रवेश निषेध रहेगा। | तिवारी चौक | नगर थाना |
| 5. | गिधनी रोड की ओर से आने वाली सभी वाहनों का जटाही मोड़ की ओर प्रवेश निषेध रहेगा। गिधनी रोड की ओर से आने वाली वाहन रंगा मोड़ टॉल टेक्स होते हुए रंगा मोड़ बैजनाथपुर के रास्ते अपने गन्तव्य को जाऐंगे। | रेलवे फ्लाई ओवर ब्रीज देवघर | नगर थाना |

1. **दिनॉक–26.02.2026 से 28.02.2026, को देवघर कॉलेज स्थित बज्र गृह मतगणना में आने वाले पार्टी प्रत्याशियों/ कार्यकर्ता की वाहनों का रूट डायभर्ट एवं पार्किंग स्थल–**

1. कोरियासा की तरफ से आने वाले वाहनों का रूट लाइन एवं पार्किंग स्थलः–कोरियासा की तरफ से आने वाली वाहन शंख मोड़ रेलवे ओवर ब्रिज अम्बेदकर चौक बरमसिया चौक जटाही मोड़ से दाऐं बी0एड0 कॉलेज में वाहन पार्किंग करेंगे।
2. मोहनपुर, चौपामोड़ ,बैजनाथपुर की तरफ से आने वाले वाहनो का रूट लाइन एवं पार्किंग स्थलः– बैजनाथपुर, बिलासी मोड़, भुरभुरा मोड़, रांगा मोड़ से दाहिने देवघर रेलवे स्टेशन रोड के दोनों तरफ या बाघमारा बस स्टेण्ड के बगल में खाली मैदान में वाहन पार्किंग करेंगे।
3. जसीडीह, चकाई मोड़, सत्संग चौक, भी0आइ0पी0 चौक, मस्जिद मोड़ की तरफ से आने वाले वाहन तिवारी चौक से बाएँ बी0एड0 कॉलेज ग्राउण्ड पर या तिवारी चौक से दाहिने श्री राम झा चौक के अंदर तरफ/चिल्ड्रेन पार्क रोड में दोनों साइड सुव्यवस्थित तरिके से वाहन पार्क करेंगे।
4. कोठिया, गिधनी की तरफ से आने वाले वाहनों का रूट लाइन एवं पार्किंग स्थलः– कोठिया, गिधनी की तरफ से आने वाली वाहनों का पार्किंग बाघमारा बस स्टेण्ड के बगल में खाली मैदान में होगा।

**3. देवघर कॉलेज का प्रवेश निषेध बिन्दु जहॉ पर ड्रॉप गेट/बैरियर लगाया जाना है**

| क0सं0 | मंदिर क्षेत्र | प्रवेश निषेध बिन्दु | ड्रॉप गेट |
|---|---|---|---|
| 1. | दर्शनिया मोड़ | देवघर कॉलेज के तरफ आने वाले रोड में दोनों तरफ | ड्रॉप गेट |
| 2. | तिवारी चौक | देवघर कॉलेज के तरफ आने वाले रोड में | ड्रॉप गेट |
| 3. | रांगा मोड़ | देवघर कॉलेज के तरफ आने वाले रोड में दोनों तरफ | ड्रॉप गेट |
| 4. | जटाही मोड़ | देवघर कॉलेज के तरफ आने वाले रोड में दोनों तरफ | ड्रॉप गेट |
| 5. | देवघर रेलवे फ्लाई ओवर ब्रीज | देवघर कॉलेज के तरफ आने वाले रोड में दोनों तरफ | ड्रॉप गेट |

पुलिस अधीक्षक, देवघर से अनुरोध है कि उपरोक्त प्रवेश–निशेध बिन्दु एवं रूट लाईन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–
अनुमण्डल दण्डाधिकारी, देवघर

PR 373582 Deoghar (25-26)_D



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
## DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, PAKUR.

**Very Short Urgent Term E-Procurement Notice (1st call)**

**Tender Notice Reference No. -DWSD/PKR/31/2025-26 Dated : 25.02.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name of the Advertiser | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation, Division, Pakur. |
| 3 | Date of Publication of Tender on Web site | 26.02.2026/ 04.00 PM |
| 4 | Last date /Time for receipt of Bid | 05.03.2026/04.00 PM |
| 5 | Last date/time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ(As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | 05.03.2026/04.00 PM |
| 6 | Date of opening of Tender | 06.03.2026/04.00 PM |
| 7 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Pakur, Jharkhand. |
| 8 | Contact no of Procurement office | 9431157520 |

| Sl. No | Name of Work | Block | Group No. | Estimated Cost (In Rs.) | Earnest money (In Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of HYDT of 200/165 mm Dia 270 mtrs High Yield Drilled Tube Well with Installation of IM-II Hand Pump, Platform and 2HP Electric Motor Pump Complete set in Block Amrapara, Panchayat- Amrapara Santhali, Vill- Amrapara Bazar Near Durga Mandir Community Toilet, Block- Amrapara | AMRAPARA | AMR-01 | 4,75,452.00 | 10000.00 | 750.00 | 30 Days |
| 02 | Construction of HYDT of 200/165 mm Dia 270 mtrs High Yield Drilled Tube Well with Installation of IM-II Hand Pump, Platform and 2HP Electric Motor Pump Complete set in Block Amrapara, Panchayat- Singharshi, Vill- Paklo Near Panchayat Bhawan. | AMRAPARA | AMR-02 | 4,36,878.00 | 10000.00 | 750.00 | 30 Days |

- अन्य किसी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।
- परिमाण विपत्र की राशि लौटाई नहीं जायेगी।

**Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation
Division, Pakur.**

PR 373592 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D


# गांधी चौक से तीन ठेला जब्त



**मधुपुर ।** शहर में लगातार बढ़ती अतिक्रमण की समस्या और जाम की स्थिति को देखते हुए बुधवार को मधुपुर नगर परिषद द्वारा व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर प्रशासक सुरेन्द्र किस्कु के निर्देश पर नगर प्रबंधक अनुज राकेश किस्पोट्टा के नेतृत्व में गांधी चौक, हटिया रोड सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने सड़क किनारे अवैध रूप से ठेला लगाकर सब्जी एवं फल बेचने वाले दुकानदारों को हटाया। कई स्थानों पर सड़क के हिस्से को घेरकर की जा रही दुकानदारी को तत्काल हटवाया गया।


## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
## DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, PAKUR.

**Very Short Urgent Term E-Procurement Notice (1st call)**

**Tender Notice Reference No. -DWSD/PKR/32/2025-26 Dated : 25.02.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name of the Advertiser | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation, Division, Pakur. |
| 3 | Date of Publication of Tender on Web site | 26.02.2026/ 04.00 PM |
| 4 | Last date /Time for receipt of Bid | 05.03.2026/04.00 PM |
| 5 | Last date/time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ(As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | 05.03.2026/04.00 PM |
| 6 | Date of opening of Tender | 06.03.2026/04.00 PM |
| 7 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Pakur, Jharkhand. |
| 8 | Contact no of Procurement office | 9431157520 |

| Sl. No | Name of Work | Block | Group No. | Estimated Cost (In Rs.) | Earnest money (In Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of HYDT of 200/165 mm Dia 270 mtrs with 2HP Electric Motor Pump Complete set in Block Maheshpur ,Near Ambedkar Chowk for Community Toilet under Block-Maheshpur | Maheshpur | MAH-01 | 435192.00 | 9000.00 | 750.00 | 30 Days |

- अन्य किसी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।
- परिमाण विपत्र की राशि लौटाई नहीं जायेगी।

**Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation
Division, Pakur.**

PR.NO.373593 Drinking Water and Sanitation(25-26):D



## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## अवर प्रादेशिक नियोजनालय -सह- मॉडल करियर सेन्टर दुमका।

**भर्ती कैम्प सूचना।**

झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत **दिनांक :–28 फरवरी, 2026 (शनिवार) को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका** द्वारा **भर्ती कैम्प** का आयोजन किया जा रहा है।

सभी आवेदक/आवेदिकाओं को सूचित किया जाता है कि **दिनांक– 28 फरवरी, 2026 ( शनिवार ) को प्रातः 10:30 बजे से अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका कार्यालय परिसर, पता –सरकारी आई0 टी0 आई0 के निकट पाकुड़ रोड, दुमका** में आयोजित **भर्ती कैम्प** में उपस्थित होकर निम्नवत रिक्तियों से संबंधित रोजगार के सुअवसर का लाभ उठायें :–

| Sl. No | Employer Name | Date | POST | No of Vacancy | Qualification | Gender | Age. | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aerosoft Healthcare Pvt. Ltd, Dumka | 28-02-2026 | Nurse Trainer | 03 | ANM/GNM/ B.SC Nursing | Female | 20-40 | 10000-15000/- | Dumka |
| | | | Computer Trainer | 02 | ADCA /BCA | M/F | 20-40 | 10000-15000/- | |
| | | | Receptionist | 01 | Inter | Female | 18-35 | 8000-12000 | |
| | | | Tailoring | 02 | Inter/Graduate | Female | 20-40 | 10000-15000 | |
| 2 | Birsa Super Security Solution Pvt. Ltd. Dumka | | Security Guard | 80 | 8th | Male | 18-50 | 12000-18000/- | Jharkhand, west Bengal |
| | | | Security Supervisor | 12 | 12th | Male | 21-45 | 14000-21000/- | |
| | | | Safai Karmi | 5 | 8th | M/F | 20-48 | 9000-13000/- | |

नोट :– आवेदक को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, उल्लेखनीय है कि नियोजनालय, दुमका में आवेदक नियोजनालय के वेव पोर्टल & **www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** के होम पेज के **New Jobseeker** में जाकर स्वंय भी निबंधन कर सकते हैं। चुँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से सम्बंधित है इसलिए सभी प्रकार के सेवा शर्तो, चयन प्रकिया के लिए नियोजक उत्तरदायी है, नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। आवेदक अपने **सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा** के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। स्थानीय रिक्तियों में रोजगार के अवसर के लिए आवासीय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

सहायक निदेशक (नियोजन)
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका।

PR.NO.373624 Labour Employment and Traning(25-26):D

## वर्दी में अभद्रता पड़ी भारीः टोटो चालक से मारपीट के वायरल वीडियो पर एसआई निलंबित

संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** जामताड़ा में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। 24 फरवरी 2026 को सामने आए इस वीडियो में जामताड़ा जिला के सअनि सुधीर कुमार सिंह वर्दी में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते हुए बाजार क्षेत्र में जाते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि बाजार पहुंचने के बाद उन्होंने बिना किसी स्पष्ट कारण एक टोटो चालक के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।वीडियो वायरल होते ही मामला तूल पकड़ गया और आम लोगों में नाराजगी देखी गई। आरोपों के अनुसार, वर्दी का रौब दिखाते हुए की गई इस कार्रवाई को अनुशासनहीनता और मनमानी का उदाहरण बताया जा रहा है। घटना से पुलिस विभाग की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की बात कही गई है।मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की गई है। सअनि सुधीर कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, जामताड़ा निर्धारित किया गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीन व्यवहार किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

## मतगणना पारदर्शी कराने की मांग,समर्थकों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**जामताड़ा।** जामताड़ा नगर पंचायत चुनाव की मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए जाने की मांग को लेकर अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रीना कुमारी के समर्थन में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवार को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रचार अभियान के दौरान भी रीना कुमारी की गतिविधियों को प्रभावित करने का प्रयास हुआ, जिसकी शिकायत समय-समय पर निर्वाचन आयोग से की गई। पूर्व नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र मंडल ने आशंका जताई कि मतगणना के दिन अधिकारियों और कर्मियों पर दबाव बनाकर परिणाम प्रभावित करने की कोशिश हो सकती है। उन्होंने निष्पक्ष वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मतगणना केंद्र पर नियुक्त अभिकर्ताओं को डराने-धमकाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## जामताड़ा में मतगणना से पूर्व अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जामताड़ा।** नगरपालिका निर्वाचन 2026 के तहत 27 फरवरी को होने वाली मतगणना को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन में विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला जनसंपर्क कार्यालय, जामताड़ा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद के निर्देश पर आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज ने की।प्रशिक्षण में मतगणना पर्यवेक्षकों, गणना सहायकों और अन्य कर्मियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने, गोपनीयता बनाए रखने और त्रुटिरहित कार्य निष्पादन के निर्देश दिए गए। मतगणना 27 फरवरी को प्रातः 8 बजे से न्यू पॉलीटेक्निक कॉलेज, पाथरचपड़ा स्थित वज्रगृह सह मतगणना केंद्र में होगी।निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता पूनम कच्छप ने भी मतगणना से जुड़े प्रपत्रों और प्रक्रियाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। मास्टर प्रशिक्षक सैय्यद मो. इमाम और हरी प्रसाद राम ने मतपत्र सत्यापन, अमान्य मतों की पहचान, राउंडवार परिणाम संकलन और अंतिम घोषणा की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया।मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## झारखंड सरकार का बजट अव्यावहारिक : संजीव



**गोड्डा ।**आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव संजीव कुमार महतो ने झारखंड सरकार के बजट 2026-27 को अव्यवहारिक बताते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट दिशाहीन है। यह ख्यालिपुलाव से ज्यादा नहीं और सभी वर्गों व खास कर गरीब एवं मध्यम वर्ग विरोधी है। सरकार ने बजट के माध्यम से छात्रों-युवाओं के साथ साथ आदिवासी, दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यक सबों को छलने का कार्य किया है। झारखंड के सभी चिन्हित आंदोलनकारी सम्मान जैसे जरुरी और संवेदनशील विषय पर सिर्फ खानापूर्ति किया गया है।बकाया छात्रवृत्ति और रोजगार के मुद्दे पर बजट में कोई पहल नहीं की गई है। महिलाओं और किसानों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। राज्य सरकार के खराब वित्तीय प्रबंधन के कारण राज्य में विकास कार्य ठप हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र सरकार से राशि नहीं मिलने का रोना रोते हैं, जबकि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर जी सदन में कहते हैं कि उनके पास पर्याप्त पैसा है। बजट में सरकार ने 10,000 करोड़ की राशि बढ़ाई है, लेकिन सच्चाई यह है कि राज्य सरकार 31 जनवरी 2026 तक विगत बजट का मात्र 50.29त्न पैसा ही खर्च कर पाई है। ऐसे में नया बजट छलावा से ज्यादा कुछ नहीं है।

## महगामा में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**महागामा ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करणु पंचायत के दुर्गापुर गांव में बुधवार को खेल और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब जियोन झरना क्लब दुर्गापुर द्वारा आयोजित छठी दो दिवसीय पदकंदुक (फुटबॉल) प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन किया गया। पूरे गांव में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल था। मैदान को आकर्षक तरीके से सजाया गया था और उद्घाटन समारोह में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुखिया पति राजेंद्र टुडू, ग्राम प्रधान सुरेश मरांडी, शिक्षक बेटाराम मरांडी एवं मिथुन भगत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता खेलने की शुभकामनाएं दीं। वहीं अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करता है।दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में आसपास के कई गांवों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। मैच के दौरान रोमांच चरम पर रहा और हर गोल पर मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

## सहिया का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**महागामा ।** बाल विकास परियोजना अंतर्गत सेक्टर 1, 2 एवं 3 की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहियाओं एवं सहिया साथियों के लिए संयुक्त गृह भ्रमण विषय पर प्रखंड क्षेत्र में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण एकजुट संस्था के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य गांव स्तर पर स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सोनाराम हांसदा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और कुपोषण मुक्त समाज का निर्माण करना है। इसके लिए जमीनी स्तर पर सेविका और सहिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।वहीं प्रशिक्षण के दौरान विस्तारपूर्वक बताया गया कि गांव स्तर पर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा 7 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के घर संयुक्त रूप से कब और कैसे भ्रमण करना है। सहिया और सेविका को यह निर्देश दिया गया कि वे अलग-अलग नहीं, बल्कि एक साथ मिलकर गृह भ्रमण करें, ताकि परिवार को एक ही समय पर स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, स्तनपान, पूरक आहार और स्वच्छता से संबंधित समुचित परामर्श दिया जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकजुट संस्था के शमशाद, बिस्वेश्वर, इकरामूल, सुशीला, शांति, सलोमी एवं प्रियंका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गोड्डा में डीसी और एसपी ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** नगरपालिका आम निर्वाचन के अंतर्गत प्रस्तावित मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से पॉलिटेक्निक कॉलेज, सिकटिया स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा मतगणना हॉल की व्यवस्था, टेबल प्लान, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास द्वार, अभ्यर्थियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रकाश एवं पेयजल की सुविधा सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना कार्य के प्रत्येक चरण में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का



अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम से मतपेटियों/मतपेटी सामग्री को मतगणना हॉल तक सुरक्षित पहुंचाने की प्रक्रिया, सील की जांच तथा अभ्यर्थियों की उपस्थिति में पारदर्शी ढंग से मतगणना संपन्न कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी तथा प्रत्येक राउंड की घोषणा निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत की जाएगी। उपायुक्त के द्वारा कहा गया कि जिला प्रशासन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतगणना के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरतें।पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कहा कि मतगणना केंद्र के भीतर एवं बाहर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि विधि-व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में रहे। संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा बिना वैध पास के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अपर समाहर्ता गोड्डा प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, जिला भू- अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## कुंडहित में नाबालिक ने फंदा लगाकर दी जान

संताल एक्सप्रेस

**कुंडहित (जामताड़ा)।** बुधवार की दोपहर को भेलुआ गांव के 17 साल के नाबालिक सुनसान झाड़ियों के बीच पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेने का एक मामला कुंडहित थाना में आया है। किस कारण आत्महत्या हुए इसका पता अभी नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलते ही कुंडहित पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के लिए जुट गए। पंचनामा के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया। वहीं पुलिस कारणों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार भेलुआ निवासी सुरेश राय के 17 वर्षीय पुत्र मिठुन राय नहाने के लिए घर से आधा किलोमीटर दूर नदी की ओर गया था। काफी देर घर नही लौटने पर घर वालों ने मिठुन की खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान मिठुन का शव नदी किनारे करंज पेड़ में गामछे के सहारे झूलता हुआ पाया। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीण ने कुंडहित थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही एस आई तपन कुमार सेन एवं श्रीराम पंडित दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पुलिस द्वारा शव को पेड़ से उतारा गया और पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया। इधर मिठुन के आत्महत्या की खबर पाकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार में एक मात्र कमाऊ सदस्य था मिठुन -मिठुन घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। मिठुन अपने पीछे माता-पिता सहित एक छोटा भाई को छोड़कर चला गया। पिता नियमित घर नहीं आता है। मिठुन ही परिवार का भरण-पोषण मेहनत मजदूरी कर करता है।

## मिहिजाम में खाद्य विभाग की सख्ती कई दुकानों से लिए गए नमूने

संताल एक्सप्रेस

**मिहिजाम।** मिहिजाम शहर में बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अचानक निरीक्षण अभियान चलाकर व्यापारियों में हलचल पैदा कर दी। दोपहर के समय बाजार क्षेत्र में पहुंची टीम को देख कई दुकानदार सतर्क हो गए। अभियान के दौरान मिठाई दुकानों, चिकन सेंटरों और मांस विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की विस्तार से जांच की गई।निरीक्षण के क्रम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, भंडारण की स्थिति, साफ-सफाई, कच्चे माल के रख-रखाव तथा वैध लाइसेंस संबंधी कागजातों की बारीकी से जांच की गई। विशेष रूप से स्टेशन रोड और एक नंबर गेट के आसपास स्थित मुर्गा एवं मांस दुकानों पर अधिकारियों ने अधिक ध्यान केंद्रित किया। दुकानदारों को सभी जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने और निर्धारित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अपूर्वा मिंज ने कहा कि नागरिकों को सुरक्षित व शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि कुछ प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।टीम ने दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य सामग्री को ढंककर रखने और तय मानकों के अनुरूप भंडारण करने की सख्त हिदायत दी। विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

## गोड्डा में जीत हार की चर्चा को लेकर मतदाताओं की बढ़ी उत्सुकता

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** नगर निकाय चुनाव के संपन्न होने के बाद अब जीत हार को लेकर चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल मतपेटीयां सील बंद होकर स्ट्रांग रूम में जमा हो गई है जिसमें महागामा और गोड्डा के कुल 22 प्रत्याशियों की किस्मत कैद है। जानकारी के मुताबिक इस बंद मतपेटियों में कुल 23 अध्यक्ष प्रत्याशियों के साथ लगभग 150 वार्ड पार्षद उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। जानकारों का मानना है कि गोड्डा में नगर अध्यक्ष पद के लिए कल 11



